प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

28 सितंबर 2024

## आरबीआई@90 अंतर संस्था क्रिकेट टूर्नामेंट

अपनी स्थापना के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय रिज़र्व बैंक ने 21-28 सितंबर 2024 के दौरान जयपुर, राजस्थान में आरबीआई@90 अंतर संस्था क्रिकेट टूर्नामेंट की मेज़बानी की। इस टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव रखने वाले भारतीय खिलाड़ियों वाली टीमों ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट बीस ओवर के फॉर्मेट में खेला गया।

यह आयोजन 21 सितंबर 2024 को उद्घाटन समारोह और प्रदर्शनी मैच के साथ शुरू हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर 2024 को एसपीजे कार्गो और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में खेला गया।

फाइनल मैच की शुरुआत दोनों टीमों के परिचय और टूर्नामेंट की ट्रॉफी के अनावरण के साथ हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रन बनाए। एसपीजे कार्गो ने लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट जीत लिया।

टूर्नामेंट के मैचों का भारतीय रिज़र्व बैंक के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1180**